CMYK

जागरूक टाइम्स
YOUTUBE चैनल को सब्सक्राइब करने के लिए स्कैन करें


# जागरूक टाइम्स

सिरोही, शुक्रवार, 03 जनवरी 2025 ◆ वर्ष : 17 ◆ अंक : 345 ◆ पृष्ठ : 12 ◆ मूल्य : 2.50 रू.




मां संग डिनर डेट पर निकलीं सारा अली खान...

पेज -09

## न्यूज ब्रीफ

### घुसपैठ बीएसएफ करा रही है: ममता बनर्जी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स बांग्लादेशी आतंकियों और घुसपैठियों को राज्य में घुसने में मदद करती है। इसी वजह से बंगाल में अशांति फैल रही है।

### नवी मुंबई के होटल में लगी आग

**मुंबई।** महाराष्ट्र में नवी मुंबई के उल्वे सेक्टर 2 में एक होटल में गुरुवार को आग लग गई। होटल के अलावा, आसपास की चार दुकानें भी आग की चपेट में आ गईं। किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। आग लगने की वजह भी सामने नहीं आई।

### पूजा-स्थल अधिनियम : ओवैसी की याचिका पर सुनवाई टली

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने एआईएमआईएम अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी की पूजा स्थल को लेकर याचिका पर सुनवाई टाल दी है। अगली सुनवाई 17 फरवरी को होगी। ओवैसी ने पूजा स्थल अधिनियम 1991 को लागू करने की मांग की है। यह अधिनियम धार्मिक स्थलों के उस स्वरूप को बरकरार रखता है, जैसा वे 15 अगस्त 1947 को थे।

### डोडा में तीन युवकों के शव होटल में मिले

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में डोडा में न्यू ईयर मनाने गए तीन युवकों का होटल में शव मिला। डोडा के एसएसपी संदीप मेहता ने कहा, हमें जम्मू से एक कॉल आया कि आशुतोष नाम का एक व्यक्ति जो अपने दो दोस्तों के साथ नया साल मनाने के लिए भद्रवाह आया था।

## मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर बोले डॉ. राधा मोहन दास....

# मंत्रिपरिषद फेरबदल विस्तार का विशेषाधिकार सीएम के हाथ में है

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** बीजेपी प्रदेश प्रभारी डॉ.राधा मोहन दास अग्रवाल ने कहा कि मेरे बयानों के अर्थ साफ है। प्रकृति का नियम, हमारे यहां नियम है कि छह साल बाद हम अपना अध्यक्ष बदल लेते हैं। ना कोई मंडल अध्यक्ष रहता है और ना ही प्रदेश अध्यक्ष रहता है।



नए पत्ते और नई कोपल फूटने का अर्थ यही है कि हम भी जब कपड़े पुराने हो जाते है तो नए पहनते हैं। मंत्रिपरिषद फेरबदल विस्तार का विशेषाधिकार मुख्यमंत्री का है। अभी सारे मंत्री काम कर रहे हैं। फिर भी सीएम को मंत्रिपरिषद का विस्तार करना है तो ये उनके हाथ में है। हम केजरीवाल तो है नहीं कि हर विधायक को मंत्री बनाएंगे। कांग्रेस की सरकारें भी लुटेरों की सरकार है। हमारे विधायकों के पास बहुत काम है। नए जिलों को लेकर प्रभारी डॉ. राधा मोहन दास अग्रवाल का पलटवार करते हुए कहा कि अशोक गहलोत का बयान राजनीतिक है। उन्होंने सरकार बचाने के लिए जिले बना दिए थे, उन्होंने गलत निर्णय किए। गहलोत ने पायलट के मद्देनजर गलत निर्णय किए, जो पायलट के लिए अहितकर वैसे उन्होंने निर्णय किए। जो पायलट के हित में वो निर्णय नहीं किए। हम थोड़े ना गहलोत के गलत निर्णय को दोहराएंगे। हमारे सीएम ने लोकतांत्रिक तरीके से काम किया है। कमेटी बनाकर जिलों को बरकरार रखने और हटाने का निर्णय किया है।

हर मस्जिद के नीचे मंदिर ढूंढने को लेकर संघ प्रमुख मोहन भागवत के बयान को लेकर राधा मोहन दास अग्रवाल ने कहा कि संघ प्रमुख मोहन भागवत ने जो कह दिया हम उसकी विवेचना नहीं करते, जो वो कह देते हैं उसकी पालना करते हैं। उनका कहा एक-एक शब्द हमारे लिए अध्यक्ष का शब्द है।

## राज्यस्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह

# जयपुर के स्थान पर उदयपुर में होगा आयोजित

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** राज्यस्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह उदयपुर में आयोजित होगा। इस बार 26 जनवरी का कार्यक्रम जयपुर के स्थान पर उदयपुर में होगा। उदयपुर के गांधी मैदान या महाराणा भूपाल स्टेडियम में समारोह आयोजित किया जाएगा।

इससे पहले सहेलियों की बाड़ी में एट होम कार्यक्रम हो सकता है। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ध्वजारोहण करेंगे। विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली



प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा। सामान्य प्रशासन विभाग और संबंधित विभागों ने तैयारी शुरू कर दी है।

## अमित मालवीय, मनोज तिवारी को नोटिस

### आप सांसद संजय सिंह ने मानहानि का नोटिस भेजा

**नई दिल्ली।** आप सांसद संजय सिंह ने बीजेपी नेता अमित मालवीय और मनोज तिवारी को मानहानि का नोटिस भेजा है। यह नोटिस उनकी पत्नी के वोटर आईडी को लेकर भेजा गया है। जिसमें बीजेपी के दोनों नेताओं ने दावा किया था कि उनकी पत्नी अनीता सिंह का वोटर आईडी उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर जिले के पते पर है। हालांकि, संजय सिंह ने स्पष्ट करते हुए कहा था कि उनकी पत्नी का वोटर आईडी कार्ड नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र के नॉर्थ एवेन्यू के पते पर है और उनका नाम सुल्तानपुर से जनवरी 2024 में ही हटवा दिया गया था।

## दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर फिर हुआ बड़ा सड़क हादसा...

# स्लीपर बस और ट्रॉले में हुई टक्कर, 18 घायल

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**दौसा/जयपुर।** दौसा में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर गुरुवार सुबह साढ़े 5 बजे भीषण हादसा हो गया। उज्जैन महाकालेश्वर के दर्शन कर दिल्ली लौट रही यात्रियों की स्लीपर बस और ट्रॉले में टक्कर हो गई। हादसा नांगल राजावतान थाना इलाके में लाहड़ी का बास के पास हुआ। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बस का हादसे का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। इस हादसे में बस में सवार 18 लोग घायल हो गए।

सूचना के बाद नांगल थाना पुलिस और एक्सप्रेसवे का बचाव दल मौके पर पहुंचा, जिन्होंने घायलों को क्षतिग्रस्त बस से बाहर निकाल इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। घायलों में से 12 गंभीर घायलों को जिला अस्पताल से जयपुर रेफर किया गया है।



### 12 घायलों को जयपुर रेफर किया

जिला अस्पताल पुलिस चौकी के कॉन्स्टेबल नवीन ने बताया कि हादसे में घायल 18 लोगों को इलाज के लिए दौसा जिला अस्पताल लाया गया था। जिनमें से ग्रेटर नोएडा निवासी शिवप्रिया (50), कार्तिक (26), मयरी घोष (57), प्रीति (35), कोटा निवासी गुलाम अहमद (31), सोनीपत निवासी जयेश जाट (13), अमित जाट (36) व दिनेश (14), बालोतरा निवासी सुरेश (42), बैंगलोर निवासी मोहनलाल (34), जोधपुर निवासी मूलाराम (32), दिल्ली निवासी मोनूसिंह (25) को जयपुर एसएमएस रेफर किया गया है।

### 6 लोगों का दौसा में चल रहा इलाज

वही बाड़मेर निवासी जसराम (38), बीकानेर के कोलायत निवासी प्रीति (35), दिल्ली निवासी निखिल (29), बृजमोहन (21), आकाश (25), आगरा निवासी अंकित शर्मा (28) का दौसा अस्पताल में इलाज चल रहा है।

### आगे चल रहे ट्रॉले में घुसी बस

थाना इंचार्ज हुसैन अली ने बताया कि एक्सप्रेसवे से स्लीपर कोच बस उज्जैन से दिल्ली जा रही थी। इसी दौरान आगे चले रहे ट्रॉले से बस की भिड़ंत हो गई। संभवतया कोहरे के चलते विजिबिलिटी कम होने से यह हादसा हुआ है। जिसमें तेज स्पीड बस से चल रही बस ट्रॉले में घुस गई। इससे बस का केबिन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और आगे की सीटों पर बैठे 18 लोग घायल हो गए। जिनका दौसा व जयपुर के अस्पताल में इलाज जारी है।

### हादसे के बाद ट्रॉला मौके से हुआ फरार

पुलिस ने बताया कि बस में 36 यात्री सवार थे। ऐसे में अन्य यात्रियों को एक्सप्रेसवे के रेस्ट एरिया में रुकवाया गया है। वहीं हादसे के बाद ट्रॉला मौके पर नहीं मिला, जहां बजरी बिखरी हुई मिली है। अंदेशा है कि बजरी से भरे ट्रॉले से बस की टक्कर हुई, जिसके बाद ट्रॉला मौके से फरार हो गया। पुलिस ने एक्सप्रेसवे के कंट्रोल रूम में सीसीटीवी फुटेज जुटाकर ट्रॉले की पहचान के प्रयास शुरू किए है।

## पीएम नरेन्द्र मोदी से मिले सिंगर दिलजीत दोसांझ

# नाम की तरह लोगों को जीत लेते हो: पीएम मोदी

**नई दिल्ली।** पंजाबी सिंगर दिलजीत दोसांझ ने नए साल के पहले दिन पीएम नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। दिलजीत ने पीएम मोदी को देखते ही उन्हें सैल्यूट किया। पीएम ने भी सत श्री अकाल कहकर दोसांझ का स्वागत किया। इस दौरान दिलजीत ने जब गुरु नानक पर गाना गाया तब पीएम मोदी टेबल पर थाप देते नजर आए। उन्होंने दिलजीत की पीठ भी थपथपाई।

दोसांझ ने पीएम से मुलाकात की कुछ तस्वीरें और वीडियो भी एक्स पर शेयर कीं। उन्होंने इस मुलाकात को यादगार बताया।



दिलजीत के साथ उनकी टीम भी मौजूद रही। दिलजीत दोसांझ ने अपने दिल लुमिनाटी टूर का लास्ट शो लुधियाना में किया था।

# नामी कोचिंग के कई ठिकानों पर आईटी की रेड

## फीस में टैक्स चोरी को लेकर हुई कार्रवाई

## सेंटर से छात्रों को बाहर निकाला, भारी पुलिस तैनात

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** राजस्थान में आयकर विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक नामी कोचिंग सेंटर के हेड ऑफिस सहित विभिन्न ठिकानों पर छापेमारी की है। जयपुर, जोधपुर, कोटा और अजमेर सहित कई शहरों में आयकर विभाग की टीमें सर्च कर रही हैं। सूत्रों के अनुसार, नामी कोचिंग सेंटर में छात्रों की फीस को लेकर बड़े पैमाने पर अनियमितताएं पाई गई हैं। इन्हीं अनियमितताओं के कारण आयकर विभाग ने कार्रवाई को अंजाम दिया। बता दें, छापेमारी के दौरान कोचिंग सेंटर के कर्मचारियों के मोबाइल फोन जब्त कर लिए गए और सभी विद्यार्थियों को क्लासरूम से बाहर निकाल दिया गया। कार्रवाई के दौरान कोचिंग सेंटर के आसपास भारी पुलिस बल तैनात किया गया। आयकर विभाग ने सेंटर से कई दस्तावेज और रिकॉर्ड्स जब्त किए हैं। बताया जा रहा है कि यह छापेमारी कई राज्यों में फैले कोचिंग सेंटर के विभिन्न ठिकानों पर की गई है, जिनमें इंदौर और दिल्ली के केंद्र भी शामिल हैं।



### पहले भी पड़ चुकी है आईटी रेड

आयकर विभाग के सूत्रों ने बताया कि यह कार्रवाई फीस में टैक्स चोरी और अन्य आर्थिक अनियमितताओं को लेकर की गई है। जांच पूरी होने के बाद ही इस मामले में अधिक जानकारी सामने आ सकेगी। हालांकि यह पहला मामला नहीं है, इससे पहले भी आईटी रेड पड़ चुकी है। वहीं, इस कार्रवाई के बाद छात्रों और अभिभावकों के बीच चिंता का माहौल है।

# केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू कल अजमेर आएंगे

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चादर करेंगे पेश

### जयपुर से सड़क मार्ग से जाएंगे अजमेर

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**अजमेर।** केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री तथा संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू 4 जनवरी को अजमेर आएंगे। वे ख्वाजा गरीब नवाज के उर्स के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चादर पेश करेंगे। मंत्री की यात्रा का कार्यक्रम जारी किया गया। हर वर्ष ख्वाजा साहब के सालाना उर्स के मौके पर प्रधानमंत्री की ओर से दरगाह शरीफ पर चादर पेश की जाती है। सामान्यत: केंद्रीय



अल्पसंख्यक कार्य मंत्री प्रधानमंत्री की तरफ से चादर चढ़ाए जाने के अवसर पर उपस्थित रहते हैं। मंत्री किरेन रिजिजू दरगाह के वेब पोर्टल और श्रद्धालुओं के लिए गरीब नवाज ऐप जारी करेंगे। इसके अलावा वे उर्स आयोजन के लिए ऑपरेशन मैनुअल भी जारी करेंगे। रिजिजू शनिवार को सुबह 7.15 बजे विमान से जयपुर हवाई अड्डे पहुंचेंगे। वहां से वह सड़क मार्ग से अजमेर आएंगे।

## संभल जामा मस्जिद की सर्वे रिपोर्ट कोर्ट में पेश

# 45 पन्नों में नोट किए एक-एक प्वाइंट

### सील बंद लिफाफे में वीडियो और फोटो भी!

**संभल।** संभल में शाही जामा मस्जिद की सर्वे रिपोर्ट चंदौसी कोर्ट में दाखिल कर दी गई। गुरुवार को एडवोकेट कमिश्नर रमेश सिंह राघव ने करीब 45 पन्नों की रिपोर्ट सौंपी है। 4.5 घंटे की वीडियोग्राफी और 1200 से अधिक फोटो भी अदालत को दिए गए हैं। सूत्रों का दावा है कि जामा मस्जिद में मंदिर होने के सबूत मिले हैं। मस्जिद में 50 से अधिक फूल, निशान और कलाकृतियां मिली हैं। अंदर 2 वट वृक्ष हैं। हिंदू धर्म में वट वृक्ष की पूजा की जाती है। एक कुआं है, उसका आधा हिस्सा मस्जिद के अंदर और आधा हिस्सा बाहर है। बाहर वाले हिस्से को ढंक दिया गया है। पुराने ढांचे को बदला गया है। जिन जगहों पर पुराने ढांचे हैं, वहां नए निर्माण के सबूत मिले हैं।

### एससी के आदेश तक नहीं खुलेगी रिपोर्ट

शाही जामा मस्जिद को श्रीहरिहर मंदिर बताने वाली याचिकाओं की जांच के लिए संभल के सिविल कोर्ट ने एडवोकेट कमिश्नर को जिम्मेदारी दी थी। पिछले साल 19 नवंबर की शाम करीब डेढ़ घंटे सर्वे चला था। इसके बाद 24 नवंबर की सुबह टीम ने 3 घंटे सर्वे किया। उसी दिन हिंसा हो गई, जिसमें गोली लगने से 5 लोग मारे गए थे। एडवोकेट कमिश्नर रमेश सिंह राघव ने कहा कि आज रिपोर्ट पूरी कर कोर्ट में पेश की गई। रिपोर्ट 40-45 पन्नों की है। इसे सीलबंद लिफाफे में कोर्ट में पेश किया गया। हमने 2 दिन सर्वे किया था। सर्वे में जो भी फोटो-वीडियो मिले थे, उसके आधार पर रिपोर्ट सिविल डिवीजन जज आदित्य सिंह के कोर्ट में जमा कर दी गई है। जब भी रिपोर्ट ओपन होगी, सारी जानकारी सामने आएगी। एडवोकेट कमिश्नर ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश तक रिपोर्ट नहीं खुलेगी। सुप्रीम कोर्ट का आदेश आने तक रिपोर्ट में क्या है, ये जज भी नहीं देख सकते।

# सीएम शर्मा ने योग के साथ की नववर्ष की शुरूआत

### बोले, सभी मिलकर स्वस्थ और खुशहाल राजस्थान के निर्माण में दें योगदान

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने नववर्ष 2025 की शुरुआत सकारात्मकता और स्वास्थ्य के संकल्प के साथ की। उन्होंने वर्ष की शुरुआत अपनी टीम के साथ योग सत्र से की। सीएम शर्मा ने कहा कि योग एक अभ्यास होने के साथ-साथ स्वस्थ और खुशहाल जीवन की ओर पहला कदम है। योगाभ्यास से मिली ऊर्जा से हम सब मिलकर राजस्थान के उत्थान के लिए समर्पित होकर कार्य करेंगे।



मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों का आह्वान किया कि नए साल में सभी मिलकर स्वस्थ और खुशहाल राजस्थान के निर्माण में योगदान दें।

# सालासर बालाजी धाम में दर्शन करने पहुंचे अरविंद केजरीवाल

जागरूक टाइम्स संवाददाता

सुजानगढ़/जयपुर। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने प्रसिद्ध सालासर बालाजी धाम में परिवार समेत दर्शन किए। नए साल के अवसर पर भगवान बालाजी से देश और जनता के लिए सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिर महंत ने उन्हें विधि-विधान से पूजा-अर्चना करवाई। इस दौरान उन्होंने कुछ समय मंदिर परिसर में ही बिताया।

जब अरविंद केजरीवाल दर्शन करके बाहर निकले, तो वहां पहले से मौजूद कुछ लोगों ने 'मोदी-मोदी' के नारे लगाने शुरू कर दिए।



अचानक हुई इस घटना से मौके का माहौल एकाएक गरमा गया। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं हो पाया कि नारे लगाने वाले भाजपा के समर्थक थे या स्थानीय लोग। इधर केजरीवाल ने इन नारों को नज़र अंदाज़ किया और किसी भी प्रकार की प्रतिक्रिया दिए बिना वहां से अपने गंतव्य की ओर रवाना हो गए। मंदिर प्रशासन ने इस घटना को लेकर कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है।

CMYK

# कैबिनेट मंत्री कुमावत ने किया विभिन्न विकास कार्यों का उदघाटन

## भांगेसर में आयुष्मान आरोग्य मंदिर उप स्वास्थ्य केन्द्र का लोकार्पण

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पाली।** कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने गुरुवार को जिले के हेमावास ग्राम पंचायत के रामासिया ग्राम राउप्रा विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विकास कार्यों का उदघाटन किया। उन्होंने कहा कि सरकार ने आमजन के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाए बनाई है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार विकास के लिए प्रतिबद्ध है और विकास की कोई कमी नहीं रखेंगे। उन्होंने हेमावास से रामासिया सड़क और पशु उप चिकित्सा भवन जल्द ही स्वीकृत कराने की घोषणा की। कुमावत ने केंद्र व राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी और उनसे लाभ लेने का आह्वान किया। इस अवसर पर स्कूल में टीन शेड, डामर सड़क, सीसी निर्माण कार्य, सीवरेज, सीसी सड़क मय नाली निर्माण, पीसीसी ब्लॉक आदि कार्यों का उदघाटन कर लोकार्पण किया। इसके बाद कुमावत ने भांगेसर में आयुष्मान आरोग्य मंदिर उपस्वाथ्य केन्द्र व अन्य कार्यों का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशा है कि आमजन स्वस्थ्य और खुशहाल रहे। इसके लिए ग्राम स्तर तक भी उप स्वास्थ्य केन्द्र खोले जा रहे है। उन्होंन जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी।



### यह भी रहे मौजूद

*रामासिया में आयोजित कार्यक्रम में पाली प्रधान मोहिनी देवी, विकास अधिकारी, तहसीलदार, संयुक्त निदेशक पशुपालन डॉ मनोज पंवार, सरपंच मोहन पटेल, नवलकिशोर रावल, भंवर चौधरी, किसान केसरी यशपालसिंह, पंचायत समिति सदस्य रामलाल, नरेंद्रसिंह हेमावास, पुखराज पटेल आदि उपस्थित रहे। इसी प्रकार भांगेसर में प्रधान मोहिनीदेवी, पूर्व उप सभापति मूलसिंह भाटी, विजय जोशी, पुखराज पटेल, धर्मराज ओड, नंदिनीदेवी, हबीबखान सहित बड़ी संख्या में आमजन मौजूद रहे।*

# पालिका प्रशासन ने जब्त किया चाइनीज मांझा

## दुकानों से 80 नंग फिरकी व दो थैले चाइनीज मांझा जब्त किया

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सुमेरपुर।** नगर पालिका प्रशासन ने गुरूवार को नायब तहसीलदार के नेतृत्व में नगर की दुकानों से चाइनीज मांझे की जब्ती की कार्रवाई की। उपखण्ड अधिकारी कालूराम कुम्हार एवं अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका सुमेरपुर के निर्देशानुसार नायब तहसीलदार प्रतीक शर्मा के नेतृत्व में पालिका स्वास्थ्य निरीक्षक यशवन्त परिहार व अन्य कर्मचारियों की टीम पतंग व मांझा बेचने वाली दुकानों पर पहुंची। टीम ने मुख्य बाजार एवं अन्य जगहों पर संचालित मांझे की दुकानों पर बेचने के लिए रखा गया प्रतिबंधित चाइनीज मांझा जब्त किया। एसआइ परिहार ने बताया कि इस कार्रवाई में कुल 80 नंग फिरकी एवं दो थैले चाइनीज मांझा जब्त कर दुकानदारों को पाबंद किया कि यदि चाइनीज मांझा बेचते हुए दुबारा देखा गया तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इओ राजपुरोहित ने व्यापारियों से अपील की कि प्रतिबंधित चाइनीज मांझें का 'य-वि' य नहीं करें एवं आमजन से कहा कि यदि कोई चाइनीज मांझा बेच रहा हो तो उसकी सूचना पालिका प्रशासन को देवें।



### चाइनीज मांझा घातक : इओ

इओ राजपुरोहित ने बताया कि चाइनीज मांझा पशु-पक्षियों एवं आमजन के लिए बहुत की घातक हैं। इस मांझे से कई पक्षी मर गए हैं। वाहन चालक भी इस मांझे के चपेट में आकर घायल हुए हैं। इससे कई दुर्घटनाएं भी होने की संभावना रहती हैं। जब्ती की कार्यवाई आगामी दिनों में भी जारी रहेगी। इस मौके पर कर्मचारी मुकेश दत्ता, पृथ्वीसिंह, जमादार राजू के., मुकेश एम, वाहन चालक पारस राव, कैलाश कुमावत उपस्थित रहे।

# फोटोग्राफर एसोसिएशन की बैठक में किए कई निर्णय

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सुमेरपुर।** नगर के जाखा माता मंदिर सभा भवन में गुरूवार को जिला फोटोग्राफर एसोसिएशन सुमेरपुर की आम बैठक अध्यक्ष तगाराम सोलंकी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। अध्यक्ष सोलंकी ने सभी फोटोग्राफरों को नववर्ष की शुभकामनाएं दी। उन्होंने बताया कि संगठन से जुड़े प्रत्येक फोटोग्राफर के आइडी कार्ड बनाने, दुर्घटना बीमा करवाने व 19 अगस्त को आने वाले विश्व फोटोग्राफी दिवस समारोह की तैयारी को लेकर चर्चा की गई। उन्होंने फोटोग्राफरों को संगठन का महत्व बताया व इससे जुड़े रहने से होने वाले फायदों की जानकारी देते हुए हमेशा एकजुटता के साथ कार्य करने की सलाह दी। बैठक में लक्ष्मण परिहार, छगनलाल परिहार, महेंद्रसिंह, कोसेलाव, मुकेश बोराणा, तगाराम देवड़ा, सोहनलाल, विनोदकुमार, भावेश भाटी, नारायण डाबी, नरपत परिहार, मेहुल मेवाड़ा, अवी सुथार, जितेश, कैलाश माली, धनेश मेवाड़ा, महेशकुमार, सुरेशकुमार, प्रवीणकुमार आदि मौजूद थे।





# शांतिभंग में गिरफ्तार युवक जमानत पर रिहा

## जमानत पर नहीं छोड़ने की मांग, लामबद्ध हुए कई लोग

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**देसूरी।** कार्यपालक मजिस्टेट ने मगरतलाब गांव से शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार युवक को भविष्य में विवाद पैदा नहीं करने की शर्त एवं मुचलके के साथ जमानत पर रिहा कर दिया। खीमाड़ा थाने के कार्यवाहक थानाधिकारी परमिंदर सिंह की ओर से मगरतलाब गांव में संपतलाल को शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार कर सक्षम न्यायायल में पेश किया था। जहां से उसे जमानत पर रिहा कर दिया गया। इस मामले को लेकर मगरतलाब के पूर्व उपसरपंच घीसुसिंह के नेतृत्व में मंजू पत्नी महेंद्र मेघवाल व दर्जनों लोगों ने गुरुवार को उपखंड कार्यालय पहुंच आरोपी संपतलाल से मंजूदेवी व उसके परिवार को जान का खतरा बताते हुए जमानत नहीं लेने की गुहार लगाई। यहां बात नहीं बनने पर सभी लोग वकील चंदनसिंह के साथा खीमाड़ा थाने पहुंचे एवं मामला दर्ज करने को रिपोर्ट दी। इस बीच कार्यवाहक थाना प्रभारी परविंदरसिंह ने उन्हें बताया कि गुमशुदा महेंद्रकुमार की गुमशुदगी पहले से ही दर्ज है। शांतिभंग में गिरफ्तार आरोपी संपतलाल को पहले ही उपखंड अधिकारी न्यायालय देसूरी को पेश कर दिया गया है। जमानत पर निर्णय करना मजिस्ट्रेट का अधिकार क्षेत्र है। इस अवसर पर एडवोकेट चंदनसिंह, एडवोकेट जितेंद्रसिंह, पूर्व उपसरपंच घीसूसिंह, हरपालसिंह चंपावत, मंजूदेवी मेघवाल, उसके बच्चे, भाई सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

## गणतंत्र दिवस की तैयारियों को बैठक 7 को

**पाली।** गणतंत्र दिवस समारोह 26 जनवरी की पूर्व तैयारी की बैठक 7 जनवरी को प्रातः 11 बजे अतिरिक्त जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की जाएगी। यह जानकारी अतिरिक्त जिला कलक्टर डॉ बीएस चौहान ने दी है।

# जिला कलक्टर ने कीरवा में की जनसुनवाई



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पाली।** त्रिस्तरीय जनसुनवाई के तहत ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई प्रथम गुरुवार को हुई। जिला कलक्टर एलएन मंत्री की ओर से ग्राम पंचायत कीरवा में जनसुनवाई कर आमजन की समस्याओं को सुना और निस्तारण के निर्देश दिए। जिला कलक्टर मंत्री ने एक-एक कर व्यक्तिगत रूप से लोगों की समस्याएं सुनी और समाधान के लिए विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। जनसुनवाई आयोजन जयपुर से वीसी के माध्यम से भी जुड़ा रहा। कलेक्टर ने वीसी के दौरान जनसुनवाई में प्राप्त प्रकरणों की जानकारी दी। जनसुनवाई में कुल 16 परिवाद प्राप्त हुए जिनमें से अधिकांश जल जीवन मिशन, विद्युत विभाग, राजस्व, रोडवेज, चिकित्सा एवं पंचायती राज से संबंधित थे। गांव में खेतों में बिजली के ढीले तारों के परिवाद पर जिला कलक्टर ने विद्युत निगम के एक्सइएन को आवश्यक निर्देश दिए। ग्रामीणों के परिवाद लिखने के लिए हैल्प डेस्क की व्यवस्था की गई। जनसुनवाई में उपखंड अधिकारी सिद्धार्थ सानु, विकास अधिकारी नारायणसिंह राजपुरोहित, सरपंच घीसीदेवी, समाजसेवी मगराज सीरवी, समस्त ब्लॉक स्तरीय अधिकारी एवं ग्रामीण जन मौजूद रहे। इसी तरह उपखंड क्षेत्र पाली की ग्राम पंचायत रूपावास व भांवरी में ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई हुई। जिसमें आमजन के परिवाद प्राप्त कर मौके पर निस्तारण किया गया। उपखंड अधिकारी विमलेन्द्र राणावत ने बताया कि जनसुनवाई में भाग लेकर आमजन द्वारा प्राप्त परिवेदनाओं का मौके पर त्वरित निस्तारण किया गया। ग्राम पंचायत रूपावास में 11 परिवादों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। रूपावास में रास्ते संबंधित विवाद का मौका निरीक्षण कर निस्तारण के संबंध आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए गए। ग्राम पंचायत भांवरी में प्राप्त 7 परिवादों का मौके प निस्तारण करवाया गया।

**सुमेरपुर।** ग्राम पंचायत पालड़ी जोड़ में ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई नायब तहसीलदार प्रतीक शर्मा के पर्यवेक्षण व सरपंच महेंद्रसिंह मेवाड़ा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें ग्रामवासियों द्वारा विभिन्न विभागों से संबंधित परिवेदनाएं दर्ज करवाई गई। सरपंच मेवाड़ा ने बताया कि जैन संघ की ओर से प्रस्तुत परिवेदना में बताया कि पाठनारायण मंदिर पुजारी द्वारा गांव के सार्वजनिक जीवदया पक्षी चुग्गा अनाज भंडार गृह पर कई समय से ताला लगा रखा हैं। जीवदया के हित में भंडार गृह का ताला खुलवाने की मांग की हैं। जिस पर नायब तहसीलदार ने सम्बंधित पुजारी को पाबंद करवाकर ताला खुलवाने के आदेश ग्राम पंचायत को दिए। जनसुनवाई में सभी ग्राम पंचायत स्तरीय अधिकारी व कार्मिक उपस्थित रहें।



# वकील मंडल हॉल निर्माता भामाशाह के छायाचित्र का किया लोकार्पण



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाली।** वकील मंडल भवन में गुरुवार को आयोजित समारोह में वकील मंडल हॉल के निर्माता भामाशाह दिवंगत फुलचंद राठौड़ के छायाचित्र का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर भामाशाह सम्मान समारोह और नववर्ष स्नेह मिलन कार्य' म भी आयोजित किया गया। कार्य' म में दिवंगत राठौड़ के पुत्र जयंतीलाल, पत्नी उमादेवी, पुत्री शिल्पा, दामाद राहुल भी शामिल थे। इनके साथ ही अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश डॉ. सिम्पल शर्मा और अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट जितेन्द्रकुमार का भी स्वागत अभिनंदन किया गया। कार्य' म में भामाशाह इंदरचंद राणावत फालना, महेन्द्र धोखा, बाबूलाल जैन, मेघचंद जैन एवं वकील मंडल अध्यक्ष दूदाराम चौधरी, सचिव शरीफ खान, पूर्व अध्यक्ष शिवलाल परिहार, अमृत परिहार व भवंरसिंह राजपुरोहित ने भी भामाशाह परिवार का स्वागत सम्मान किया। जयंतीलाल राठौड़ ने वकील मंडल बाली के हॉल के विस्तार की घोषणा की और निर्माण में पूर्णरूप से सहयोग करने का आश्वासन दिया। कार्य' म का संचालन कमल माली ने किया।

## संभाग स्तरीय युवा महोत्सव आज

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पाली।** संभागीय स्तर युवा महोत्सव सेठ मुकनचंद बालिया राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय पाली में आयोजित किया जाएगा। सहायक निदेशक सोहनलाल भाटी के अनुसार बालराई में (पाली, जालोर, सिरोही) पर प्रथम स्थान पर रहने वाले युवा महोत्सव 2024 के प्रतिभागियों का एक दिवसीय संभाग स्तरीय आयोजन होगा। इस कार्य म का मुख्य उद्देश्य राजस्थान की लुप्त हो रही परम्परागत लोक संस्कृति एवं कला विद्याओं, विज्ञान प्रौद्योगिकी व नवाचार को संरक्षण एवं प्रोत्साहन को बढावा देना है। इसके लिए जिला मुख्यालय पर युवा महोत्सव का विज्ञान प्रौद्योगिकी एवं नवाचार थीम पर आयोजन किया जा रहा है।

# समाजसेवी ओझा को दी श्रद्धांजलि





जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नाडोल।** गांव निवासी समाजसेवी देवराज ओझा के असामयिक निधन पर ग्रामीणों की ओर से उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। ज्ञातव्य है कि कृषि कुएं पर कार्य के दौरान देवराज ओझा की तबीयत बिगड़ने पर उन्हें नाडोल चिकित्सालय लाया गया था। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद पाली रैफर कर दिया गया। हृदयाघात की स्थिति में सुधार के बाद ट्रोमा सेंटर से जनरल वार्ड में शिफ्ट किया। लेकिन फिर तबीयत बिगड़ने पर जोधपुर रैफर किया, जहां 31 दिसंबर को निधन हो गया। उनकी पार्थिव देह को पूणे स्थित जांभुलवाड़ी के श्रीकृपा सोसायटी ले जाया गया, जहां उनका परिवार रहता है। उनकी बेटियों ने अर्थी को कंधा दिया एवं पूणे के श्मशान घाट पर उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया। दिवंगत ओझा के निधन पर नाडोल में गुरुवार को शोकसभा आयोजित की गई। ग्रामीणों ने दो मिनट का मौन रख उन्हें श्रद्धांजलि दी। ओझा समाजसेवी होने के साथ पत्रकार भी थे। गांव में किसी भी तरह की समस्या होने पर समाधान करवाने में भी पीछे नहीं रहते थे एवं जरुर महसूस होने पर अधिकारियों के आग हाथ तक जोड़ कर खड़े रहते थे। उनकी इस सहृदयता के लोग एवं अधिकारी भी काहिल थे। श्रद्धांजलि सभा में राजूभाई वैष्णव, रमेश सुथार, अशोककुमार, विद्युत निगम, नाडोल चौकी स्टाफ, व्यापार मंडल, पत्रकार बंधु, प्रकाश मेवाड़ा, अमरसिंह राजपुरोहित, पूर्व सरपंच यशौदा वैष्णव, उप सरपंच भवानीसिंह, मदनसिंह राजपुरोहित, पन्नालाल प्रजापत, रमेश मेवाड़ा, अर्जुनसिंह, जगदीशसिंह, प्रकाशकुमार, महेश बोहरा, मोहन भटनागर सहित कई ग्रामीणों ने श्रद्धासुमन अर्पित किए।

## सोलह लाख रुपए की ठगी का आरोपी गिरफ्तार

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**देसुरी।** देसूरी थाना क्षेत्र में 16 लाख रुपए की ठगी के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए आरोपी भीलवाड़ा निवासी देवीलाल पुत्र रामाराम तेली को मुंबई से गिरफ्तार कर लिया। थानाधिकारी हरिसिंह राजपुरोहित के नेतृत्व में गठित टीम ने पांच दिन तक मुंबई में तलाश की और आरोपी को आइस' ीम बेचते हुए पकड़ा। थानाधिकारी के अनुसार पीड़ित सुरेश सिंह पुत्र धन्नाराम जाट और मोतीलाल पुत्र डोवरजी जाट ने आरोपी के खिलाफ वर्ष 2021 में रायड़ा और चने की फसल खरीद की कुछ राशि के भुगतान के बाद 16 लाख रुपए नहीं चुका कर ठगी करने का आरोप लगाया है। दो वर्षों तक देवीलाल बहाने बनाते हुए राशि लौटाने से बचता रहा। आखिरकार, पीड़ितों ने देसूरी थाने में मामला दर्ज कराया। इस मामले में आरोपी की तलाश की तो पता चला कि वो कभी हिमाचल और कभी मुंबई में आइस' ीम बेचने का व्यवसाय करता है। इस पर टीम ने पांच दिनों की कड़ी मशक्कत के बाद आरोपी को मुंबई से गिरफ्तार कर लिया।



## मुहनोत बने 15वीं बार एमडीआरटी मेम्बर





जागरूक टाइम्स संवाददाता

**फालना।** भारतीय जीवन बीमा निगम अभिकर्ता के रूप में 32 वर्षों से कार्यरत एवं चौदह सालों से एमडीआरटी व एक बार सीओटी की पात्रता हासिल कर चुके फालना निवासी अशोककुमार विमलचंद मुहनोत 15वीं बार भी एमडीआरटी मेंबर बनने में कामयाब रहे है। करीब 22 वर्षों से चेयरमैन क्लब सदस्य ने अब तक करीब तीन हजार पॉलिसियां की है एवं मेडिक्लेम में स्टार हेल्थ इंश्योरेंस व नीवा मुपा में भी पहचान बनाई है। उनकी उपलब्धि पर जैन संघ अध्यक्ष अरूण चौधरी, विकास अधिकारी मांगीलाल सुथार, महेश नाहटा, अमित मेहता, संदीप सिंघवी, मनोज बम्बोली, संजय सिरोया, शैलेष बोहरा, पारसमल रांका, रमेश राणावत, जगदीश मेहता, प्रवीण मेहता, श्रीपाल राणावत मुंबई, मनोज कोठारी, दिलीप कवाड पूना, दिनेश परमार, वि' म परमार कर्जत, दीपक जैन बैंगलोर आदि ने उन्हें बधाई दी।

# स्थानांतरण प्रक्रिया से शिक्षकों को वंचित रखने पर जताया रोष

## राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) ने सौंपा ज्ञापन

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पाली/देसूरी।** राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय के तत्वावधान में शिक्षकों ने स्थानांतरण में भेदभावपूर्ण रवैये के खिलाफ आवाज उठाई। इसे लेकर जिलाध्यक्ष संग्रामसिंह राणावत के नेतृत्व में जिला कलक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा गया। राणावत के अनुसार राज्य सरकार ने 1 से 10 जनवरी 2025 के बीच स्थानांतरण पर लगी रोक हटा दी है। लेकिन यह छूट केवल अन्य विभागों के कार्मिकों तक सीमित है। शिक्षा विभाग को इस छूट से वंचित रखने के निर्णय ने लाखों शिक्षकों को निराश किया है। यह सरकार की शिक्षा और शिक्षकों के प्रति उदासीनता को दर्शाता है। जिला मंत्री ओमप्रकाश कुमावत ने कहा कि राज्य सरकार ने अपने कार्यकाल में अब तक दो बार अन्य विभागों के स्थानांतरण की अनुमति दी है, लेकिन हर बार शिक्षा विभाग की अनदेखी की गई। इससे शिक्षा विभाग के कर्मचारियों में भारी रोष है। इसे लेकर विरोध प्रदर्शन किया गया। जिसमें जिले के प्रदेश और संभागीय पदाधिकारी, आठों उपशाखाओं के अध्यक्ष, मंत्री, कोषाध्यक्ष, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, महिला मंत्री और वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने सरकार से शिक्षा विभाग के प्रति भेदभावपूर्ण रवैया समाप्त कर स्थानांतरण प्र' या में समानता बरतने की मांग की।



### दी आंदोलन की चेतावनी

*संगठन ने चेतावनी दी कि यदि शिक्षा विभाग को स्थानांतरण की छूट में शामिल नहीं किया गया तो आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान भगवानसिंह, रमेशकुमार, ओमप्रकाश वैष्णव, महेंद्रसिंह जैतावत, उदयसिंह, दिलीपसिंह चारण, महेन्द्रसिंह महेचा, अल्लारक खां पठान, भीमाराम, हनुवंतसिंह, आशाराम मीना, निर्मलकुमार विजेंद्र, गोपाल तिवारी, कुसुम गोस्वामी, कुसुमलता दवे, मगाराम सोलंकी, उदाराम मकवाना, सुरेंद्रसिंह रणावत, चम्पालाल लोंगेशा, मांगीलाल, दिनेश मीना, कीकाराम रांगी, हुकुमसिंह, लक्ष्मणसिंह सहित कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे। संगठन ने स्पष्ट किया कि यदि सरकार ने इस मुद्दे पर तुरंत कार्रवाई नहीं की तो शिक्षक समुदाय व्यापक आंदोलन करने के लिए मजबूर होगा।*

## शीतला सप्तमी व गणेश चतुर्थी पर अवकाश घोषित

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पाली।** जिला कलेक्टर एलएन मंत्री ने सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए एक आदेश जारी कर कैलेंडर वर्ष 2025 के लिए शीतला सप्तमी एवं गणेश चतुर्थी के उपलक्ष्य में स्थानीय सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। जारी आदेश के अनुसार जिले में 21 मार्च शुक्रवार को शीतला सप्तमी पर्व एवं 27 अगस्त बुधवार के दिन गणेश चतुर्थी के उपलक्ष्य में स्थानीय सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है।

# सड़क सुरक्षा माह के तहत किया जागरूक




**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

***पिण्डवाड़ा।*** *पुलिस की ओर से 35वें राष्ट्रीय सडक सुरक्षा माह को लेकर थानाधिकारी ने आमजन को जागरूक किया। थानाधिकारी हमीरसिंह ने सभी चालकों को जागरूक कर यातायात के नियमों की जानकारी देते हुए शराब पीकर वाहन नहीं चलाने की हिदायत दी। इसके अलावा यातायात के समय मोबाइल उपयोग करना, बिना हेलमेट मोटर साइकिल चलाना, बिना शीट बेल्ट गाड़ी चलाना,सवारी गाड़ी मे ओवर लोड सवारी भरना, ट्रैफ़िक नियमो की पालना नहीं करने पर उनके खिलाफ कार्रवाई की बता कही।*



**मंडार।** कस्बे में बुधवार शाम को सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत मंडार थानाधिकारी रविंद्रपालसिंह राजपुरोहित ने कस्बे के मुख्य बस स्टैंड पर समस्त टैक्सी चालकों को यातायात नियमों की जानकारी देकर उनकी सख्ती से पालना की अपील की। इसके अलावा क्षमता से अधिक सवारियां ना बिठाने, शराब पीकर वाहन न चलाने, सड़क पर निकलते समय विकेट मोड का ध्यान रखने सहित अनेक तरह की जानकारी दी। तीन बत्ती चौराहे पर भी सामूहिक रूप से सभी वाहन चालकों को एक जगह पर जमा करने के बाद उन्हें यातायात नियम की जानकारी देने के साथ-साथ सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत पंपलेट वितरित किए गए। थानाधिकारी ने बताया कि मंडार हाईवे आबादी के बीच से गुजरता है। इसलिए छोटे वाहन चालकों को अपने वाहन सड़क किनारे खड़ा करने से परहेज करें। ताकि कोई बड़ी जनहानि ना हो। इस मौके पर यातायात हेड कॉस्टेबल दिनेश कुमार रावल, राजूराम, नारायणलाल पुलिसकर्मी भी साथ थे।

# पार्क की ओपन जिम में लगे उपकरण

## पार्षद अर्जुनसिंह व पालिकाध्यक्ष मगनदान चारण के रंग लाए प्रयास

*जागरूक टाइम्स संवाददाता*

**आबूरोड।** गांधीनगर क्षेत्र का एकमात्र सार्वजनिक पार्क दशकों से उजाड़ व वीरान था। पार्क की अब सूरत बदल गई है। पालिकाध्यक्ष मगनदान चारण व वार्ड के वरिष्ठ पार्षद अर्जुनसिंह के प्रयासों के चलते इस पार्क का चहुमुखी विकास होकर कायाकल्प हो गया है। वर्तमान बोर्ड के कार्यकाल की शुरुआत में पार्क में करीब 12 लाख रुपए खर्च कर पार्क को विकसित किया गया। बच्चों के लिए झूले लगाए गए। बैठने की बेंचे लगाई गई। हाई मास्क लाइट लगाकर अन्य व्यव-स्थाएं की गई। यह पार्क इस क्षेत्र के लोगों के लिए मनोरंजन का अच्छा केंद्र बन गया था। नगर पालिका द्वारा इस पार्क का नामकरण भी किया गया। विधिवत रूप से इस पार्क का नाम स्वामी विवेकानंद पार्क रखा गया। वरिष्ठ पार्षद सिंह ने बताया कि गत लंबे समय से वार्डवासी व पार्क में आने वाले क्षेत्रीय लोगों की मांग थी कि इस गांधीनगर क्षेत्र में 10 वार्ड पड़ते हैं। लेकिन, लोगों के शारीरिक व्यायाम की कोई व्यव-स्था नहीं है। पार्षद सिंह ने गंभीरता से लेते हुए पार्क में ओपन जिम लगाए जाने के प्रयास किए। उन्हें इस काम में पालिकाध्यक्षचारण का पूरा सहयोग मिला। ओपन जिम स्थापना का कार्य किया गया। ओपन जिम लगने से यहां के लोगों के चेहरे खिल गए। बच्चों के साथ ही युवा, बुजुर्ग एवं महिलाएं भी इस ओपन जिम का पूरा उपयोग कर रही है। पालिकाध्यक्ष के अनुसार सार्वजनिक विवेकानंद पार्क में बिना किसी शुल्क के सुबह 8 से शाम को 8 बजे तक उपयोग किया जा सकेगा। पार्क में अन्य विकास कार्य करवाए जाने की भी प्रक्रिया जारी हैं।



▶ प्रतापगढ़ झुंपा बस्ती के युवक की मौत पर प्रदर्शन का मामला

# राजमार्ग जाम एवं बस व पुलिस पर पथराव के आरोप में

## ▶ सौ-डेढ़ लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

**34 लोग नामजद**

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादड़ी।** पुलिस ने प्रतापगढ़ झुंपा बस्ती के युवक प्रकाश बावरी की मौत को लेकर आक्रोशित ग्रामीणों की ओर से राज्य राजमार्ग 16 जाम करने, पुलिस व रोडवेज बस पर पथराव करने के मामले में प्रतापगढ़ झुंपा बस्ती के 34 लोगों को नामजद एवं अन्य 100-150 लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज किया है। प्रकरण में बीएनएस की 7 धाराएं एव सरकारी सम्पति को नुकसान पहुंचाने की धाराएं जोड़ी गई है। इनमें से कई धाराएं गैर जमानती है व सजा का प्रावधान है। मामले की जांच फालना थानाधिकारी वि'म सांदू को सौपी गई है। पुलिस व रोडवेज प्रबंधन की ओर से यह मामला दर्ज करवाया गया है। ज्ञातव्य है कि प्रतापगढ़ बावरियों का झुंपा बस्ती निवासी प्रकाश पुत्र नारायणलाल बावरी की रोडवेज बस से हुई दुर्घटना में उपचार दौरान मौत होने के बाद माहौल गर्मा गया था। मृतक के परिजन व आ'ोशित 300-400 ग्रामीणों ने सादडी-मुंडारा राज्यकृत सड़क मार्ग 16 को जाम कर दिया। इस दौरान सवारियों से भरी रोडवेज बस व जाम खुलवाने आए पुलिस थानाधिकारी चंपाराम सहित जवानों पर पथराव कर दिया। घटना में सीआइ चंपाराम, पुलिस जवान गेनाराम, चुनाराम व किशनसिंह चोटिल हो गए थे। इस घटना में थानाधिकारी चंपाराम द्वारा उच्चाधिकारियों के निर्देशानुसार बीएनएस की 7 एवं सरकारी लोक सम्पति नुकसान, राजकार्य में बाधा, जानलेवा हमला, चक्काजाम, आपराधिक षड़यंत्रपूर्वक दंगा भड़काने जैस ी धाराओं में मामला दर्ज करवाया गया है।

# जीप की टक्कर से स्कूटर सवार घायल

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** फोरलेन पर बुधवार देर रात को अनियंत्रित जीप ने सड़क किनारे खड़े स्कूटर को चपेट में ले लिया। जिससे एक किशोर व एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर शहर पुलिस मौके पर पहुंची। दोनों घायलों को उपचार के लिए राजकीय चिकित्सालय ले जाया गया। फोरलेन पर कुंई कट के सामने एक अनियंत्रित जीप ने डिस्कॉम गेट के पास खड़े स्कूटर को टक्कर मार दी। जिससे स्कूटर सवार गणेश कॉलोनी निवासी हर्षित पुत्र ओम सैनी व प्रशांत सैनी गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद जीप हाई टेंशन के विद्युत टावर से टकराकर रुक गई। वहीं हर्षित सैनी टावर के बीचों-बीच जाकर फंस गया। मौके पर पहुंचे लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद दोनों घायलों को बाहर निकाला। शहर पुलिस को सूचना दी गई। दोनों घायलों को उपचार के लिए राजकीय चिकित्सालय ले जाया गया। वहीं पुलिस ने बोलेरो चालक को हिरासत में ले लिया।



# बनाए चालान, दिया गुलाब का फूल



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** सड़क सुरक्षा सप्ताह के वाहन चालकों से यातायात के नियमों की पालना की अपील की गई। नियमों के उल्लंधन पर चालान बनाए गए। वहीं तलहटी तिराहे पर गुलाब का फूल देकर चालकों से नियमों की पालना करने की नसीहत दी गई। यातायात पुजिस की ओर से एक जनवरी से 31 जनवरी तक सड़क सुरक्षा सप्ताह चलाया जा रहा हैं। वाहन चालकों से बाइक चलाते समय हमेशा हेलमेट का उपयोग करने, कार चलाते समय ड्राइवर सीट व साइड सीट पर बैठने वालों को सीट बेल्ट लगाने, वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग नहीं करने की अपील की गई। वहीं नियमों का उल्लंघन करने पर वाहन चालकों के चालान बनाए गए। साथ ही तलहटी तिराहे पर वाहन चालकों को गुलाब का फूल देकर यातायात नियमों की पालना करने का आग्रह किया गया।

# शैक्षणिक भ्रमण को दी रवानगी



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** जिला कलेक्टर अल्पा चौधरी एवं माउंट आबू उपखंड अधिकारी तथा उपायुक्त टीएडी आबूरोड गौरव रविंद्र सालुंखे ने शैक्षणिक भ्रमण के लिए टीएडी आबूरोड के अधीन संचालित छात्रावासों के विद्यार्थियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिला कलेक्टर ने राजस्थान की परम्परा के अनुसार विद्यार्थियों को दही गुड खिलाया एवं शैक्षणिक भ्रमण का महत्व भी बताया।



# निशुल्क जन कल्याण शिविर आयोजित



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**फालना।** फालना गांव में राज्यसभा सांसद व भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ और बाली विधायक पुष्पेंद्रसिंह राणावत के निर्देशानुसार फालना गांव में निःशुल्क जन कल्याण शिविर आयोजित किया गया। सरपंच करणसिंह राजपुरोहित की अध्यक्षता में यह आयोजन नरेंद्र सुथार करणवा अध्यक्ष भाजपा ओबीसी मोर्चा सेवाड़ी मंडल के तत्वावधान में आयोजित किया गया। शिविर में आयुष्मान कार्ड 16, पीएम किसान सम्मान निधि 15, तारबंदी 6, नया पेंशन सत्यापन/ आवेदन 20, जाति प्रमाण पत्र 2, विकलांग पेंशन सत्यापन/आवेदन 7, विकलांग सर्टिफिकेट 7, वृद्धावस्था पेंशन सत्यापन 40, आयुष्मान कार्ड 8 बनाए गए एवं ओपीडी में बीपी, शुगर पीड़ित 32 लोगों की जांच की गई। इस दौरान ग्राम विकास अधिकारी प्रवीणपुरी गोस्वामी, पटवारी भोलाराम, कनिष्ठ सहायक राजेश्वरीकंवर, कृषि पर्यवेक्षक कमल यादव, सीएचए मनीष पालीवाल, एएनएम नसीम बानो, चंदा अवस्थी, हीरु मेघवाल, मगाराम चौधरी, समाजसेवी गोवर्धनसिंह सोलंकी, पूर्व सरपंच मोतीलाल सांखला, पूर्व सरपंच प्रेमसिंह चौहान, लालसिंह, मालाराम चौधरी, गोविंदसिंह गहलोत, भूराराम डांगी, चंपालाल माली, शिवनाथसिंह राजपुरोहित, फगाराम देवासी, केसाराम मेघवाल, पूनाराम चौधरी, मोहनलाल मेघवाल, दुर्गाराम माली सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

# मंदिर में स्टील बेंच व गोशाला में चारा भेंट



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सुमेरपुर।** नव वर्ष के उपलक्ष्य में नगर के राजगुरू सर्किल स्थित खेड़ादेवी मंदिर में चंपाकंवर पत्नी वक्तावर सिंह एवं उनकी पुत्री न्यूरोसाइंटिस्ट डॉ. ज्योत्सनसिंह द्वारा अनंत आध्या शक्ति खेड़ादेवी माता मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए दो स्टील की बेचें भेंट की गई। साथ ही कामधेनु पुत्र 36 कौम गोशाला सेवा समिति थलावा जाव सुमेरपुर में एक ट्रॉली हरा चारा वितरित किया गया। इस मौके पर पूर्व पार्षद प्रेमचंद बरूत, मुकेश वैष्णव, वक्तावर सिंह, पुष्पा बरूत, मदनसिंह राजपुरोहित, मंछाराम कच्छवाह एवं गौशाला सेवा समिति के सदस्य, खेड़ादेवी माता ट्रस्ट मंडल उंदरी के गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

# निबंध प्रतियोगिता के विजेता पुरस्कृत




**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सुमेरपुर।** राजकीय महाविद्यालय में गुरुवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत स्वामी विवेकानंद के जीवन और विचारों पर आधारित निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और स्वामी विवेकानंद के शिक्षा, आध्यात्म और सामाजिक उत्थान से संबंधित विषयों पर विचार प्रस्तुत किए। कार्य'म का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. हीरालाल ने दीप प्रज्ज्वलन और स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण से किया। इस मौके पर प्राचार्य ने स्वामी विवेकानंद के विचारों की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। युवाओं को स्वामी विवेकानंद के जीवन से प्रेरणा लेकर देश के विकास में योगदान देने को कहा। निर्णायक मंडल ने सर्वश्रेष्ठ निबंध लेखकों को सम्मानित किया। प्रथम स्थान पर अमित कुमार, द्वितीय स्थान पर भावेश सोनल और तृतीय स्थान पर लक्ष्मण मीणा विजेता रहे। विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्य'म अधिकारी राहुल पलसानिया ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

# ट्रांसपोर्ट नगर अन्यत्र स्थापित करवाने की मांग

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सुमेरपुर।** ट्रांसपोर्ट नगर सिटी के बाहर स्थापित करवाने की मांग को लेकर गुरूवार को सुमेरपुर ट्रांसपोर्टर एसोसिएशन के सचिव सत्यप्रकाश गुप्ता ने सीओ जितेंद्रसिंह को उपखंड अधिकारी के नाम ज्ञापन सौंपा। सचिव गुप्ता ने बताया कि नगर के अंदर ट्रांसपोर्ट संचालित होने से पिछले लंबे समय से यातायात व्यवस्था चरमरा रहीं हैं। इसमें सुधार के लिए एकमात्र विकल्प ट्रांसपोर्ट नगर सिटी से बाहर होना चाहिए। उन्होंने शीघ्र से शीघ्र ट्रांसपोर्टर को रियायत दर पर भूखंड उपलब्ध करवाकर ट्रांसपोर्टर नगर बसाया जाए। उन्होंने बताया कि इस संबंध में पूर्व में कलेक्टर, उपखंड अधिकारी और अधिशाषी अधिकारी को भी इस सम्बंध में ज्ञापन दिए जा चुके हैं।



# नामा माता मंदिर में चोरी मामले में एक और गिरफ्तार

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**देसूरी।** पुलिस ने कस्बे के नामा माता मंदिर में 12 लाख रुपए की नकबजनी की वारदात में शरीक एक और शातिर आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी हरीसिंह राजपुरोहित के नेतृत्व में टीम ने आरोपी रामदीन उर्फ रामचंद्र को तकनीकी एवं मुखबीरी तंत्र व आसूचना के आधार पर टोल नाका बिरामी के पास विशेष नाकाबंदी कर गिरफ्तार किया। आरोपी को न्यायालय में पेश कर पीसी रिमांड पर लिया गया है। पुलिस के अनुसार आरोपी आले दर्जे का नकबजन है जो नशे की पूर्ति के लिए अपने साथियों के साथ चोरी एवं नकबजनी की वारदातों को अंजाम देता है। आरोपी से पूछताछ में और भी वारदातें खुलने की संभावना है। इस मामले में दो आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है जो न्यायिक अभिरक्षा में है। पुलिस टीम में थाना प्रभारी हरीसिंह राजपुरोहित के साथ कांस्टेबल बंसीलाल, धर्मेंद्र, रुपेश सागर, राकेशकुमार, कुंजबिहारी, श्रवणकुमार कांस्टेबल चालक शामिल थे।



# समस्या का करवाया समाधान



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** जेडआरयूसीसी मेंबर, रेलवे सलाहकार समिति के मेंबर व कांग्रेस नगर अध्यक्ष ने टेंपो चालकों की समस्याओं का समाधान करवाया। कांग्रेस नगर अध्यक्ष अमित जोशी ने टेंपो चालकों के नियमानुसार लाइन में खड़े रहने के बावजूद रसीद काटने पर नाराजगी जताई। रेलवे के सुरक्षा अधिकारी, स्टेशन अधीक्षक ने समस्याओं का समाधान करने का भरोसा दिलाया। जेडआरयूसीसी मेंबर सागरमल अग्रवाल टेंपो चालकों की समस्याएं सुनी। जीआरपी थानाधिकारी को मौके पर ले जाकर समस्याओं से अवगत कराया। थानाधिकारी ने समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया।

